ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

नवनियुक्त राज्यपाल श्री लाल जी टंडन का पटना पहुँचने पर किया गया अभिनंदन, कल 23 अगस्त, 2018 को माननीय श्री टंडन महामहिम राज्यपाल पद की शपथ लेंगे

पटना, 22 अगस्त 2018

बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल माननीय श्री लाल जी टंडन आज अपराह्न 05:15 बजे लोकनायक जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना विशेष वायुयान से पहुँचे।

पटना हवाई अड्डे पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नवनियुक्त माननीय राज्यपाल श्री लाल जी टंडन के पुष्प–गुच्छ समर्पित कर उनका अभिनन्दन किया। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, एवं बिहार मंत्रिपरिषद् के कई सदस्यों आदि ने भी इस मौके पर नवनियुक्त माननीय राज्यपाल श्री टंडन का अभिवादन करते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, राज्य के वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारीगण आदि ने भी राज्यपाल का अभिवादन किया। स्टेट हैंगर में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों–नेताओं, सामाजिक–राजनीतिक कार्यकर्त्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने माननीय श्री टंडन का सादर अभिनन्दन किया।

राजभवन, पटना पहुँचने पर नवनियुक्त राज्यपाल श्री टंडन का राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह एवं राज्यपाल सचिवालय के सभी वरीय अधिकारियों व राजभवन कर्मियों ने अभिवादन करते हुए स्वागत किया।

ज्ञातव्य है कि नवनियुक्त राज्यपाल श्री लाल जी टंडन कल दिनांक 23 अगस्त, 2018 को पूर्वाह्न 11:00 बजे राजभवन परिसर स्थित राजेन्द्र मंडप में महामहिम राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण करेंगे। महामहिम राज्यपाल को कल पटना उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री मुकेशकुमार रसिकभाई शाह राज्यपाल–पद की शपथ दिलायेंगे। स्वातंत्र्योत्तर बिहार के 39वें महामहिम राज्यपाल के रूप में कल श्री लाल जी टंडन को शपथ दिलायी जाएगी।

आज राजभवन माननीय राज्यपाल (मनोनीत) श्री लाल जी टंडन के साथ लेडी गवर्नर श्रीमती कृष्णा टंडन, उनके पुत्र एवं उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद् के सदस्य माननीय प्राविधिक शिक्षा एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री आशुतोष टंडन तथा अन्य पारिवारिक–जन एवं अन्य अतिथिगण राजभवन पधारे हुए हैं। ये सभी कल शपथ–ग्रहण–समारोह में शामिल होंगे।

....